भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2691

16 दिसंबर, 2025 को उत्तरार्थ

विषय: उन्नत कृषि तकनीक

2691. श्री वीरेन्द्र सिंहः

क्या **कृषि और किसान कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार चंदौली जिले जैसे कृषि प्रधान क्षेत्रों में उन्नत कृषि तकनीक, जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई और मृदा स्वास्थ्य कार्ड जैसी योजनाओं को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कर रही है;

(ख) क्या वहां के किसानों को आधुनिक मशीनरी, बीज, खाद और फसल बीमा समय पर मिल रहा है; और

(ग) क्या सरकार की चंदौली के खास उत्पाद, जैसे "ब्लैक राइस" को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने की कोई योजना है और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री राम नाथ ठाकुर)

(क) से (ग): कृषि राज्य का विषय है। भारत सरकार केंद्रीय क्षेत्रक योजनाओं के साथ-साथ केंद्र प्रायोजित योजनाओं के माध्यम से राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करती है। इन योजनाओं में कृषि के सभी क्षेत्र जैसे उन्नत कृषि तकनीकें, जैविक खेती, ड्रिप सिंचाई, सॉइल हेल्थ कार्ड, बीमा, आय सहायता, बागवानी सहित फसलें, बीज और मशीनीकरण शामिल हैं। ऐसी योजनाओं की सूची **संलग्न की गई** है।

इस अनुबंध में दी गई योजनाएं चंदौली जिले सहित उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में कार्यान्वित हैं। इन योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले किसानों का जिले-वार डेटा केंद्र स्तर पर उपलब्ध नहीं है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने चंदौली के ब्लैक राइस को एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल में शामिल किया है। एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) पहल का उद्देश्य प्रशिक्षण और विपणन के माध्यम से चयनित उत्पादों को सहायता प्रदान करना है।

अनुबंध

कृषि क्षेत्र में राज्यों की सहायता के लिए सरकार द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की सूची

1. प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान)
2. प्रधानमंत्री किसान मान धन योजना (पीएम-केएमवाई)
3. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई)/पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना (आरडब्ल्यूबीसीआईएस)
4. संशोधित ब्याज अनुदान योजना (एमआईएसएस)
5. एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (एआईएफ)
6. 10,000 नए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) का गठन और संवर्धन
7. राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन और शहद मिशन (एनबीएचएम)
8. नमो ड्रोन दीदी
9. राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ)
10. प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान (पीएम-आशा)
11. स्टार्ट-अप एवं ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि फंड (एग्रीश्योर)
12. प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी)
13. कृषि मशीनीकरण उप मिशन (एसएमएएम)
14. परम्परागत कृषि विकास योजना (पीकेवीवाई)
15. सॉइल हेल्थ एंड फर्टिलिटी (एसएच एंड एफ)
16. वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास (आरएडी)
17. कृषि वानिकी
18. फसल विविधीकरण कार्यक्रम (सीडीपी)
19. कृषि विस्तार उप मिशन (एसएमएई)
20. बीज एवं रोपण सामग्री उप मिशन (एसएमएसपी)
21. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम)
22. एकीकृत कृषि विपणन योजना (आईएसएएम)
23. समेकित बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच)
24. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ)- ऑयल पाम
25. राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ)- तिलहन
26. डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन
27. राष्ट्रीय बांस मिशन

*****